# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 05 मार्च 2026, अंक –229.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"दृढ़ मनुष्य ही महान कार्य कर पाते हैं।"
— विवेकानंद



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Thursday Prayer

मुझे इस दुनिया में लाया, मुझे बोलना चलना सिखाया
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुझे पाया।

मैं जब से जग में आया, बन तब से शीतल छाया,
कभी सहलाया गोदी में, कभी कांधे पर है बिठाया।
मेरे सिर पर हाथ रख कर, बस प्यार ही प्यार लुटाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मैं उठाकर सर चल पाऊ, इस लायक तुमने किया है।
कहीं हाथ नहीं फैलाऊ, मुझे इतना तुमने दिया है।
मुझे जग की रीत सिखाई, मुझे धर्म का पाठ पढ़ाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मां-बाप की आंखों से मैं, आंसू बनकर ना गीरूगा।
मां बाप का दिल जो दुखा दे, मैं ऐसा कुछ ना करूंगा।
मां बाप के रूप में मैंने, भगवान को जैसे पाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ....

जब देव भी मात पिता के, उपकार चुका ना पाए।
नागोड़ा दरबार प्रदीप, किन शब्दों में गुण गाए।
मैं फर्ज निभा पाऊं तो, समझूंगा अश चुकाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ..

मुझे इस दुनिया में लाया मुझे बोलना चलना सिखाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने .............!

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

**प्रश्न 1: अर्जेंटीना की राजधानी क्या है?**
**उत्तर: ब्यूनस आयर्स**
**प्रश्न 2: भारत के संविधान के निर्माण में प्रारूप समिति (Drafting Committee) के अध्यक्ष कौन थे?**
**उत्तर: डॉ. भीमराव आंबेडकर**
**प्रश्न 3: नवरात्रि का डांडिया नृत्य किस राज्य की संस्कृति से जुड़ा है?**
**उत्तर: गुजरात**
**प्रश्न 4: 100 किस प्रकार की संख्या है – सम या विषम?**
**उत्तर: सम संख्या**
**प्रश्न 5: राजगीर किस प्राचीन साम्राज्य की राजधानी था?**
**उत्तर: मगध**
**प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय खेल दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?**
**उत्तर: 29 अगस्त**
**प्रश्न 7: प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया?**
**उत्तर: योहानेस गुटेनबर्ग**
**प्रश्न 8: भारत में उपराष्ट्रपति का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?**
**उत्तर: 5 वर्ष**
**प्रश्न 9: 'सुख' का विलोम शब्द बताइए।**
**उत्तर: दु:ख**
**प्रश्न 10: हमारे शरीर में हड्डियों को जोड़ने वाले ऊतकों को क्या कहते हैं?**
**उत्तर: जोड़ (संधि)**

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Cut (कट) – काटना
Cut (कट) – काटा
Cut (कट) – काटा गया

Hit (हिट) – मारना
Hit (हिट) – मारा
Hit (हिट) – मारा गया

Put (पुट) – रखना
Put (पुट) – रखा
Put (पुट) – रखा गया


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

**थीम: At the Doctor (डॉक्टर के पास)**

**मुझे बुखार है। – I have a fever.**
**मेरे सिर में दर्द है। – I have a headache.**
**कृपया मुझे दवा दीजिए। – Please give me medicine.**
**मैं जल्दी ठीक हो जाऊँगा/जाऊँगी। – I will get well soon.**


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 'विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस' कब मनाया जाता है? (अंतरराष्ट्रीय दिवस)
उत्तर: 5 मार्च
व्याख्या:
हर वर्ष 5 मार्च को विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। ऊर्जा की बचत जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
संदर्भ: अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा जागरूकता अभियानों का अभिलेख।

2. हाल ही में (मार्च 2026) किस भारतीय राज्य ने 'जलवायु अनुकूल कृषि' के लिए विश्व बैंक से 500 मिलियन डॉलर का ऋण स्वीकृत कराया है? (समसामयिकी)
उत्तर: बिहार
व्याख्या: मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में बिहार सरकार ने 'जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना' के लिए विश्व बैंक से 500 मिलियन डॉलर का ऋण स्वीकृत कराया है। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य के किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों (अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़) से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना, जल संरक्षण तकनीकों को बढ़ावा देना और सूखा-सहिष्णु फसल किस्मों को विकसित करना है। यह परियोजना बिहार के 50 जिलों के लगभग 25 लाख किसानों को लाभान्वित करेगी।
संदर्भ: विश्व बैंक प्रेस विज्ञप्ति, मार्च 2026; बिहार सरकार कृषि विभाग।

3. "द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स" उपन्यास की लेखिका कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: अरुंधति रॉय
व्याख्या: "द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स" अरुंधति रॉय द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यास है। यह उनका पहला उपन्यास था, जिसे 1997 में प्रकाशित किया गया। इस उपन्यास के लिए उन्हें 1997 में प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपन्यास केरल के एक छोटे से शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित है और जुड़वां बच्चों की आंखों से देखी गई सामाजिक, राजनीतिक एवं पारिवारिक जटिलताओं का वर्णन करता है।
संदर्भ: साहित्य अकादमी पुरस्कार सूची; बुकर पुरस्कार आधिकारिक वेबसाइट।

4. 'जलवायु परिवर्तन' के कारण बिहार की कितनी प्रतिशत आबादी प्रभावित हो रही है? (पर्यावरण)
उत्तर: तीन चौथाई (75%)
व्याख्या: प्रस्तुत कैलेंडर के अनुसार, "बिहार राज्य की लगभग तीन चौथाई आबादी जो अपनी जीविका के लिए कृषि पर निर्भर है, जलवायु परिवर्तन से सर्वाधिक प्रभावित हो रही है।" बिहार की लगभग 75% जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम चक्र में आ रही अनियमितता (अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा, लू) का सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ता है, जिससे किसानों की आय एवं जीविका प्रभावित होती है।
संदर्भ: बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BSDMA) मार्च 2026 कैलेंडर।

5. किस गुप्त शासक को 'महाराजाधिराज' की उपाधि से सम्मानित किया गया था? (इतिहास)
उत्तर: चंद्रगुप्त प्रथम
व्याख्या: गुप्त वंश के शासक चंद्रगुप्त प्रथम (लगभग 319-335 ईस्वी) को 'महाराजाधिराज' (सम्राटों के महान सम्राट) की उपाधि से सम्मानित किया गया था। वे गुप्त वंश के प्रथम शासक थे जिन्होंने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की। उन्होंने लिच्छवी राजकुमारी कुमारदेवी से विवाह किया, जिससे उनकी शक्ति एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई। उनके शासनकाल में गुप्त साम्राज्य का विस्तार हुआ और उन्होंने पाटलिपुत्र को अपनी राजधानी बनाया।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 10 (नए साम्राज्य और राज्य)।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. 'प्रायद्वीपीय भारत' की सबसे लंबी नदी कौन सी है? (भूगोल)
उत्तर: गोदावरी
व्याख्या: गोदावरी प्रायद्वीपीय भारत (दक्षिण भारत) की सबसे लंबी नदी है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 1,465 किलोमीटर है। इसे 'दक्षिण गंगा' या 'वृद्ध गंगा' भी कहा जाता है। यह महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर पहाड़ियों से निकलती है और महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इसके प्रमुख सहायक नदियों में प्राणहिता, इंद्रावती, मंजीरा एवं सबरी शामिल हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 3 (अपवाह तंत्र)।

7. संविधान के किस अनुच्छेद में 'धर्म की स्वतंत्रता' का प्रावधान है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 25
व्याख्या: भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 सभी व्यक्तियों को धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है। यह अनुच्छेद कहता है कि सभी व्यक्तियों को किसी भी धर्म को मानने, उसका आचरण करने एवं प्रचार करने का समान अधिकार है। यह अधिकार नागरिकों के साथ-साथ विदेशियों को भी प्राप्त है। हालाँकि यह अधिकार पूर्ण नहीं है और सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता एवं स्वास्थ्य के आधार पर इस पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2 (भारतीय संविधान में अधिकार)।

8. 'विटामिन बी1' की कमी से कौन सा रोग होता है? (विज्ञान)
उत्तर: बेरी-बेरी
व्याख्या: विटामिन बी1 (थायमिन) की कमी से 'बेरी-बेरी' रोग होता है। इसके प्रमुख लक्षणों में मांसपेशियों में कमजोरी, हाथ-पैरों में सूजन, भूख कम लगना, थकान, तंत्रिका तंत्र में गड़बड़ी और हृदय की समस्याएँ शामिल हैं। यह रोग मुख्यतः उन क्षेत्रों में पाया जाता है जहाँ लोग मुख्यतः पॉलिश किए हुए चावल का सेवन करते हैं, क्योंकि चावल की पॉलिशिंग में विटामिन बी1 नष्ट हो जाता है। विटामिन बी1 के मुख्य स्रोत हैं - साबुत अनाज, दालें, मूंगफली, सूअर का मांस आदि।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 विज्ञान, अध्याय 2 (भोजन के घटक)।

9. 'मकर संक्रांति' का त्योहार किस राज्य में 'पोंगल' के नाम से मनाया जाता है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: तमिलनाडु
व्याख्या: मकर संक्रांति का त्योहार तमिलनाडु में 'पोंगल' के नाम से मनाया जाता है। यह चार दिवसीय फसल उत्सव है, जो प्रतिवर्ष 14-17 जनवरी के आसपास मनाया जाता है। चार दिनों का विवरण: (1) भोगी पोंगल - पुरानी वस्तुओं को जलाने एवं नए की शुरुआत का दिन। (2) थाई पोंगल - मुख्य दिन, सूर्य देवता को पोंगल व्यंजन अर्पित किया जाता है। (3) मट्टू पोंगल - पशुओं (बैल) की पूजा का दिन। (4) कन्नुम पोंगल - परिवार एवं मित्रों से मिलने का दिन।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 9 (क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण)।

10. बिहार के किस जिले में प्रसिद्ध 'जल मंदिर' (पावापुरी) स्थित है? (बिहार सामान्य ज्ञान)
उत्तर: नालंदा
व्याख्या: पावापुरी (जिसे अपापुरी भी कहा जाता है) बिहार के नालंदा जिले में स्थित एक प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल है। यहाँ भगवान महावीर (24वें तीर्थंकर) को मोक्ष (निर्वाण) प्राप्त हुआ था। यहाँ का प्रसिद्ध जल मंदिर (जल मंदिर) अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर एक बड़े जलाशय के बीच में स्थित है और यहाँ केवल एक संकरे मार्ग से पहुँचा जा सकता है। यह स्थल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है।
संदर्भ: बिहार पर्यटन विभाग; नालंदा जिला गजेटियर।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (प्रथम शनिवार - W1) के निर्धारित टॉपिक के अनुसार, 'बिजली के झटके' से बचाव हेतु क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)

उत्तर: गीले हाथों से बिजली के उपकरण न छुएं, भू-सम्पर्कित तारों (अर्थिंग) का सही उपयोग करें

व्याख्या: बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (BSDMA) कैलेंडर के अनुसार, मार्च माह के प्रथम शनिवार (W1) को "अगलगी से खतरे एवं बिजली के झटके से बचाव" विषय पर जानकारी दी जाती है। बिजली के झटके से बचाव हेतु निम्नलिखित सावधानियाँ बरतनी चाहिए:

(1) बिजली के उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं। (2) घर की विद्युत व्यवस्था में भू-सम्पर्कित तारों (अर्थिंग) का सही उपयोग सुनिश्चित करें। (3) क्षतिग्रस्त तारों एवं प्लगों को तुरंत बदलें। (4) बिजली के उपकरणों की मरम्मत किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से ही कराएं। (5) नहाने के दौरान बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें।

12. उस विकल्प का चयन करें जो प्रथम जोड़े के समान संबंध को दर्शाता है: बिहार : पटना :: महाराष्ट्र : ? (मानसिक योग्यता - सादृश्य)

उत्तर: मुंबई

व्याख्या: इस सादृश्य प्रश्न में पहले जोड़े (बिहार : पटना) के बीच संबंध "राज्य : राजधानी" का है।

. बिहार की राजधानी पटना है। · महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई है।

अतः महाराष्ट्र का सही संबंध मुंबई से होगा।


GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण |




अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

**Wealth (वेल्थ) = Riches (रिचेस) = धन**
Antonym – Poverty (पॉवर्टी) = गरीबी

**Youth (यूथ) = Adolescence (एडोलसेंस) = युवावस्था**
Antonym – Old age (ओल्ड एज) = वृद्धावस्था

**Zeal (ज़ील) = Enthusiasm (एन्थूज़ियाज़्म) = उत्साह**
Antonym – Apathy (एपैथी) = उदासीनता

**Accurate (एक्यूरेट) = Exact (इग्ज़ैक्ट) = सटीक**
Antonym – Inaccurate (इनएक्यूरेट) = असटीक

**Bold (बोल्ड) = Daring (डेरिंग) = साहसी**
Antonym – Timid (टिमिड) = डरपोक




~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण |

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**First Air India flight from Dubai lands safely in Delhi amid escalating Middle East crisis; over 250 flights cancelled across four major airports due to Iran-Israel conflict disruptions.**
**मध्य पूर्व संकट के बीच दुबई से पहली एयर इंडिया उड़ान दिल्ली में सुरक्षित उतरी; चार प्रमुख हवाई अड्डों पर 250+ उड़ानें रद्द।**

**BJP announces nine nominees for upcoming Rajya Sabha biennial polls, including Nabin from Bihar; speculation rises on Nitish Kumar's son Nishant Kumar as potential JD(U) candidate.**
**भाजपा ने राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के लिए नौ उम्मीदवार घोषित किए, बिहार से नवीन सहित; नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के JD(U) उम्मीदवार बनने की अटकलें।**

**CBSE postpones Class 10 and 12 board exams in West Asia region due to ongoing Iran-Israel war and security concerns for Indian students.**
**ईरान-इज़राइल युद्ध और सुरक्षा चिंताओं के कारण पश्चिम एशिया क्षेत्र में सीबीएसई ने कक्षा 10 और 12 बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कीं।**

## INTERNATIONAL NEWS

**Iranian ballistic missile strikes US's Al Udeid Air Base in Qatar, largest in region; Pentagon holds briefing as conflict escalates with submarine attack sinking Iranian frigate off Sri Lanka.**
**ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल ने कतर में अमेरिका के सबसे बड़े अल उदैद एयर बेस पर हमला किया; पेंटागन ब्रीफिंग, श्रीलंका तट पर ईरानी फ्रिगेट डूबने के साथ संघर्ष बढ़ा।**

**Israel shoots down Iranian Yak-130 fighter jet over Tehran with F-35; Turkey and NATO intercept Iranian missile; global oil prices surge as Strait of Hormuz disruptions continue.**
**इज़राइल ने तेहरान के ऊपर ईरानी Yak-130 फाइटर जेट को F-35 से गिराया; तुर्की और NATO ने ईरानी मिसाइल रोकी; होर्मुज जलडमरूमध्य बाधा से वैश्विक तेल कीमतें बढ़ीं।**

**US President Trump acknowledges potential Iranian leaders died in strikes; ASEAN urges peaceful resolution as Middle East conflict expands with attacks on Gulf states.**
**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हमलों में संभावित ईरानी नेताओं की मौत स्वीकार की; ASEAN ने शांतिपूर्ण समाधान की अपील की, खाड़ी राज्यों पर हमलों से संघर्ष फैला।**

## BIHAR NEWS

**Speculation mounts on Nitish Kumar's son Nishant Kumar entering politics via Rajya Sabha route as JD(U) nomination buzz grows ahead of polls.**
**नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राज्यसभा रूट से राजनीति में प्रवेश की अटकलें तेज, JD(U) नामांकन चर्चा में।**

**Bihar job fair in Samastipur draws crowds for skill development opportunities; weather update shows light rain likely in several districts amid ongoing preparations.**
**समस्तीपुर में बिहार जॉब फेयर में स्किल डेवलपमेंट अवसरों के लिए भीड़; कई जिलों में हल्की बारिश संभावित, तैयारी जारी।**

## SPORTS NEWS

**T20 World Cup 2026 Semi-Final 1: South Africa vs New Zealand underway in Kolkata; New Zealand elects to field first, early jolts as SA at 48/2 in powerplay.**
**टी20 विश्व कप 2026 सेमीफाइनल 1: कोलकाता में साउथ अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच जारी; न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी चुनी, पावरप्ले में SA 48/2 पर।**

**T20 World Cup 2026: Sanju Samson in action for India in upcoming Semi-Final 2 vs England in Mumbai tomorrow; Indian women's team nominated for Laureus World Team of the Year Award.**
**टी20 विश्व कप 2026: कल मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल 2 में संजू सैमसन एक्शन में; भारतीय महिला क्रिकेट टीम लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नामांकित।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

# प्रेरक कहानी
# “ऊर्जा बचाओ, भविष्य बचाओ”
## (5 मार्च – विश्व ऊर्जा दक्षता दिवस विशेष)

एक छोटे से शहर में विवेक नाम का एक छात्र रहता था। वह पढ़ाई में अच्छा था, लेकिन एक आदत उसकी ठीक नहीं थी—वह अक्सर कमरे की लाइट, पंखा और टीवी चलाकर भूल जाता था।

एक दिन स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षक ने बताया कि ऊर्जा सीमित है और हमें उसका सही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा,

“बच्चों, बिजली की बचत केवल पैसे बचाने के लिए नहीं, बल्कि धरती को सुरक्षित रखने के लिए भी जरूरी है।”

शिक्षक ने एक उदाहरण दिया—

“यदि एक घर रोज़ केवल एक बल्ब कम जलाए, तो साल भर में बहुत बड़ी मात्रा में ऊर्जा बचाई जा सकती है।”

यह बात विवेक के मन में बैठ गई।

उस दिन जब वह घर पहुँचा तो उसने देखा कि घर के कई कमरों में लाइट जल रही थी, जबकि वहाँ कोई नहीं था। उसने तुरंत लाइट बंद कर दी। फिर उसने अपनी छोटी बहन से कहा,

“बिजली बचाना भी एक अच्छी आदत है।”

धीरे-धीरे विवेक ने घर में एक नया नियम बना दिया—

जहाँ जरूरत हो, वहीं बिजली का उपयोग किया जाएगा।

कुछ ही दिनों में उसके माता-पिता ने देखा कि बिजली का बिल कम आने लगा है। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह थी कि घर में सब लोग ऊर्जा बचाने के प्रति जागरूक हो गए थे।

एक दिन उसके शिक्षक ने कक्षा में कहा,

“जो बच्चा छोटी-छोटी आदतों से ऊर्जा बचाता है, वही सच्चा पर्यावरण मित्र है।”

विवेक मुस्कुरा रहा था। उसे समझ आ गया था कि बिजली बचाना केवल एक आदत नहीं, बल्कि धरती के भविष्य की रक्षा करना है।

🌱 **सीख:**

ऊर्जा की छोटी-सी बचत भी प्रकृति की बड़ी सेवा बन सकती है।

"ऊर्जा बचाओ, भविष्य बचाओ। "⚡🌍



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "विद्यालय की समय सारणी "

किसी विद्यालय की समय सारणी उस विद्यालय की शैक्षिक प्रगति का आईना होता है। समय सारणी से विद्यालय में पढ़ाई व्यवस्थित, संतुलित और प्रभावी ढंग से होती है। इसके माध्यम से विद्यालय को औपचारिक माहौल में संचालित करने में मदद होती है। शिक्षक एवं छात्रों को समय बद्ध होकर विद्यालय में अपनी भूमिका निर्वहन में सुविधा होती है। समय सारणी से विद्यालय प्रशासन सुव्यवस्थित ढंग से विद्यालय को संचालित करने में सक्षम हो पाता है। किसी विद्यालय के लिए समय सारणी बनाना एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। सही समय सारणी विद्यालय प्रबंधन के लिए उपयोगी होता है। अतः चरणबद्ध तरीके से समय सारणी को बनाया जाना चाहिए।

सबसे पहले विद्यालय में संचालित कक्षाओं और कार्यरत शिक्षकों की सूची तैयार कर लेना चाहिए। किस विषय को पढ़ाने वाले कितने शिक्षक हैं, कौन शिक्षक किस विषय को पढ़ाने में रुचि रखते हैं और सक्षम हैं, की जानकारी समय सारणी बनाने वाले व्यक्ति के पास होनी चाहिए। विद्यालय संचालित करने हेतु तय समय के अनुसार प्रतिदिन कुल कितनी घंटियां होंगी इसको तय करना होगा। कई बार शिक्षा प्रशासन द्वारा ही इसका निर्धारण कर दिया जाता है। इसमें अमूमन यह तय रहता है कि विद्यालय संचालन का समय क्या होगा एवं कितनी घंटियां होंगी। अपने बिहार राज्य में वर्तमान में विद्यालय पूर्वाह्न 9.30 बजे से 4.00 बजे तक संचालित हो रहे हैं जिसमें पहले आधे घंटे चेतना सत्र के लिए तथा मध्यावकाश के लिए 40 मिनट सुरक्षित रखा गया है। इस प्रकार शेष बचे 5 घंटे 20 मिनट को अगर 40 मिनट के 1 पीरियड में बांटें तो 8 घंटियां प्रतिदिन समय सारणी हेतु आवंटित किया जा सकता है।

समय सारणी हेतु तय घंटियों में अब विषयों का संतुलन बनाना पहला कार्य होता है। मान्यता के अनुरूप अंतिम घंटी निश्चित रूप से सह शैक्षिक गतिविधियों के लिए संरक्षित किया जाना चाहिए जिसमें खेल, कला, संगीत एवं व्यायाम आदि महत्वपूर्ण हैं।

इस प्रकार हमारे लिए विषय शिक्षण के लिए सात घंटियां प्रतिदिन उपलब्ध हैं। अगर शनिवार बैगलेस डे माने तो साप्ताहिक 35 घंटियां पढ़ाई के लिए उपलब्ध हैं। अब कक्षावार जितने विषय है उसके लिए वेटेज तय करते हुए विषयवार साप्ताहिक घंटियों का निर्धारण करना चाहिए। अवधारणा वाले विषय जैसे गणित, विज्ञान तथा मातृभाषा के लिए प्रतिदिन एक या एक से ज्यादा घंटी आवंटित करते हुए समय सारणी बनाई जानी चाहिए। विषयों के आबंटन के बाद इस बात पर ध्यान रखना चाहिए कि किस विषय को समय सारणी में सबसे पहले रखना है। मातृभाषा, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे विषयों को समय सारणी के पहले सत्र में रखना चाहिए। पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, लेखन पठन, कला, खेल, संगीत जैसे विषयों को दूसरे सत्र में रखना चाहिए। परंतु इसको निर्धारित करते समय विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता का भी ध्यान रखना आवश्यक है। लगातार दो कठिन अवधारणा वाले विषय को रखने से बचना चाहिए। एक ही विषय प्रतिदिन ज्यादा बार रखने से बचना चाहिए। सभी कक्षाओं में खेल व कला का समय अनिवार्य रूप से रखना चाहिए। सप्ताह में एक दिन भाषा की घंटी में पुस्तकालय में तथा विज्ञान की घंटी में प्रयोगशाला में जाने की गतिविधि को समय सारणी में अंकित किया जाना चाहिए।

प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण एवं अभ्यास कार्य के लिए भी अलग से प्रतिदिन एक एक घंटी होनी चाहिए ताकि होमवर्क का बोझ कम रहे। अर्थात समय सारणी को न केवल व्यवहारिक होना चाहिए बल्कि उसको बनाने वाले को भी व्यवहारिक होना चाहिए।

साप्ताहिक समय सारणी में शिक्षकों के नाम को भी शामिल करना चाहिए। यदि संभव हो तो एक विद्यालय में तीन प्रकार का समय सारणी उपलब्ध होना चाहिए एक कक्षावार, दूसरा शिक्षकवार एवं तीसरा दोनों को मिलाकर समेकित समय-सारणी।

विद्यालय के लिए केवल समय-सारणी बना देना काफी नहीं है बल्कि उसका ससमय अनुपालन करना भी आवश्यक है, तब जाकर समय सारणी निर्माण की उपादेयता है। सोशल मीडिया में आज भी ये खबरें सुनने में आती है कि अमुक विद्यालय में समय सारणी तो है लेकिन उससे पढ़ाई नहीं होती और घंटी तो है लेकिन बजाई नहीं जाती। इसी से प्रेरित होकर विभाग द्वारा बिहार के सरकारी विद्यालयों के लिए एक सुझावात्मक समय सारणी उपलब्ध कराते हुए विद्यालयों को लागू करने का निदेश दिया गया है। एक शिक्षक के रूप में मेरा मत है कि ये व्यवहारिक रूप से विद्यालय हित में नहीं है। विद्यालय के लिए समय सारणी का निर्माण करना प्रधानाध्यापक का विशेषाधिकार है क्योंकि वे अपने विद्यालय को किसी अन्य से बेहतर जानते हैं। तो आईए हम अपने विद्यालय के लिए एक व्यवहारिक एवं विद्यालय में लागू करने योग्य समय सारणी का निर्माण करना सुनिश्चित करें।


मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।




आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-8

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 03

## "इंटरमीडिएट के बाद – B.A. (स्नातक)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपने इंटरमीडिएट (Arts/Science/Commerce) उत्तीर्ण किया है और उच्च शिक्षा के माध्यम से व्यापक करियर संभावनाएँ तलाशना चाहते हैं, तो B.A. (Bachelor of Arts) एक लचीला और बहुपयोगी स्नातक कोर्स है। इसमें इतिहास, राजनीति विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान आदि विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त की जा सकती है।

अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण। अधिकांश विश्वविद्यालय मेरिट के आधार पर प्रवेश देते हैं; कुछ में प्रवेश परीक्षा भी हो सकती है।

नामांकन प्रक्रिया: बिहार के प्रमुख विश्वविद्यालयों — जैसे Patna University, Magadh University, Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University — में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। संबंधित विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रवेश सूचना (Admission Notice) जारी होती है।

विश्वविद्यालयों की मान्यता संबंधी जानकारी University Grants Commission (ugc.gov.in) पर देखी जा सकती है।

कोर्स अवधि: सामान्यतः 3 वर्ष (NEP-2020 के अनुसार 4-वर्षीय विकल्प भी उपलब्ध)।

रोजगार की संभावना: B.A. के बाद आप निम्न क्षेत्रों में जा सकते हैं–

प्रतियोगी परीक्षाएँ (BPSC, UPSC, SSC, Banking)

@शिक्षण (B.Ed. के बाद), @पत्रकारिता एवं मीडिया @सामाजिक कार्य (NGO)

@प्रशासनिक सेवाएँ @उच्च शिक्षा (M.A., NET, PhD)

स्नातक के बाद प्रारंभिक वेतन ₹15,000–30,000 प्रतिमाह (क्षेत्र अनुसार) हो सकता है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने पर आय एवं प्रतिष्ठा दोनों बढ़ती हैं।

वित्तीय सहायता: बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत स्नातक कोर्स हेतु ऋण उपलब्ध है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal (scholarships.gov.in) पर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएँ उपलब्ध हैं। पिछड़ा/अल्पसंख्यक/एससी-एसटी वर्ग के छात्रों हेतु विशेष छात्रवृत्ति योजनाएँ भी संचालित हैं।

विशेष सुझाव: विषय चयन अपनी रुचि एवं भविष्य की योजना के अनुसार करें। यदि आपका लक्ष्य प्रशासनिक सेवा या शिक्षण है, तो राजनीति विज्ञान, इतिहास, हिंदी/अंग्रेजी, अर्थशास्त्र जैसे विषय उपयोगी सिद्ध होते हैं।

अगले पत्र में हम मैट्रिक के बाद के कोर्स – पॉलिटेक्निक (Diploma in Civil Engineering) पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

आपके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ। 🌟 ................✍️




शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।
(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080
teachersofbihar@gmail.com
+917250818080
www.teachersofbihar.org